बुधवार

02 नवम्बर 2022

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




झोलाछाप चिकित्सकों और बिना रजिस्ट्रेशन के अस्पतालों पर दर्ज होगी प्राथमिकी 4



## छोटी खबरें

### यूपी के सभी जिलों में स्थापित किए जाएंगे 3000 पुलिस पिंक बूथ

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार आधी आबादी को सुरक्षा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। इस दिशा में सरकार लगभग 500 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसके तहत महिला बीट प्रणाली के लिए 10,417 स्कूटी खरीदी जाएंगी। गृह विभाग की हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस योजना को लागू करने का निर्देश दे दिया है। इस योजना के तहत सरकार प्रदेश के हर जिले में 40 पुलिस पिंक बूथ भी खोलेगी। इस तरह प्रदेश के 75 जिलों में कुल तीन हजार पुलिस पिंक बूथ स्थापित किए जाएंगे। इनमें 20 पिंक बूथ धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर स्थापित होंगे। इन बूथों पर तैनात होने वाली महिला पुलिस कर्मियों की पेट्रोलिंग के लिए 20 स्कूटी भी खरीदी जाएगी। बूथ के निर्माण और स्कूटी खरीदने के लिए सरकार तीन करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि खर्च करेगी।

### गोपालगंज से राजद प्रत्याशी मोहन गुप्ता की बढ़ी मुश्किलें

**पटना।** गोपालगंज से चुनाव लड़ रहे राजद प्रत्याशी मोहन गुप्ता की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। दीपू सिंह नाम के एक मतदाता ने मोहन गुप्ता के खिलाफ पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर कर उनकी उम्मीदवारी रद्द करने की मांग की है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है मोहन गुप्ता ने अपने हलफनामे में गलत जानकारी देकर चुनाव आयोग को गुमराह किया है।
याचिकाकर्ता के वकील संजय ने बताया कि मोहन गुप्ता द्वारा फॉर्म सी में लंबित आपराधिक मामलों के संबंध में गलत सूचना दी गई है। मीडिया को भी उन्होंने गलत जानकारी दी।
याचिका में कहा गया है कि सितंबर 2022 को शराब के अवैध व्यवसाय के लिए बिहार एक्साइज एक्ट के तहत स्पिरिट का कारोबार करने वाली एजेंसी मेसर्स सिल्वर हेरिटेज के पार्टनर, डायरेक्टर और मैनेजर के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। मोहन प्रसाद गुप्ता पिता शंकर प्रसाद इसके एक डायरेक्टर हैं। राजद से चुनाव लड़ रहे मोहन प्रसाद गुप्ता ने यह जानकारी छुपाई है।

### पीडब्ल्यूडी के दो लापरवाह इंजीनियर सस्पेंड

**लखनऊ।** मुख्यीमंत्री योगी आदित्यकनाथ द्वारा 15 नवंबर तक पूरे प्रदेश में अभियान चलाकर सभी सड़कों को गड्ढा मुक्तक करने के निर्देश दिए जाने के बाद पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद एक्शन मोड में हैं। मंगलवार को सुबह साढ़े 10 बजे के करीब वह अचानक पीडब्ल्यूडी मुख्याबलय पहुंच गए। इस दौरान एचओडी को छोड़ कई अधिकारी-कर्मचारी गायब मिले। इस पर उनसे जवाब तलब किया गया है।

# हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों से मिले प्रधानमंत्री, बोले- दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

- हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों से मिले प्रधानमंत्री, बोले- दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई
- पीएम मोदी ने दुर्घटना स्थल का दौरा कर वहां जारी तलाशी और बचाव अभियान की समीक्षा की
- सोमवार को गुजरात में केबल पुल टूटने से 135 लोगों की चली गई जान

**केटी न्यूज /एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को गुजरात के मोरबी शहर पहुंचे। यहां उन्होंने केबल पुल के दुर्घटना स्थल का दौरा कर वहां जारी तलाशी और बचाव अभियान की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने मोरबी सिविल अस्पताल में भर्ती हादसे के घायलों से मुलाकात भी की। अधिकारियों ने प्रधानमंत्री को हादसे के बाद राहत अभियान के बारे में जानकारी दी। इसके बाद प्रधानमंत्री ने हादसे में मारे गए लोगों के परिवार से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने उन्हें दुख की इस घड़ी में ढांढस बंधाया और हादसे के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया। दरअसल रविवार को इस पुल के मच्छु नदी में गिरने से 135 लोगों की मौत हो गई थी। प्रधानमंत्री ने मौके पर पहुंचने से पहले इलाके का हवाई सर्वेक्षण भी किया। प्रधानमंत्री के साथ गुजरात के मुख्यहमंत्री भी मौजूद थे। ज्ञात हो कि 100 लोगों की क्षमता वाले इस सस्पेंशन ब्रिज पर रविवार की शाम करीब 500 लोग आ गए थे। क्षमता से अधिक लोगों के पुल पर आ जाने के कारण पुल का रस्सा टूट गया और लोग नदी में गिर गए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**जांच से मिले प्रमुख सबकों को जल्द से जल्द लागू किया जाए :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोरबी हादसे के बाद स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस त्रासदी से संबंधित सभी पहलुओं की पहचान करने के लिए एक विस्तृत और व्यापक जांच समय की मांग है। अधिकारियों के मुताबिक, उन्होंने कहा कि जांच से मिले प्रमुख सबकों को जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री को राहत अभियान और प्रभावित परिवारों को उपलब्ध कराई गई मदद के बारे में जानकारी दी गई। मोदी ने कहा कि अधिकारियों को प्रभावित परिवारों के संपर्क में रहना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दुख की इस घड़ी में उन्हें हर संभव मदद मिले। बैठक में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गृह मंत्री हर्ष संघवी भी मौजूद थे। इससे पहले मोदी स्थानीय अस्पताल भी गए, जहां इस हादसे में घायल हुए लोगों का उपचार किया जा रहा है। उन्होंने राहत और बचाव के काम में शामिल लोगों से बातचीत की और उनके प्रयासों की सराहना की।

**गुजरात सरकार ने की दो नवंबर को राज्यव्यापी शोक की घोषणा :** रविवार शाम गुजरात के मोरबी में मच्छू नदी पर बना सस्पेंशन ब्रिज टूट गया था। जिस वक्त ये घटना घटी उस वक्त पुल पर सैकड़ों लोग मौजद थे। पुल टूटने के बाद सभी लोग नीचे नदी में गिर गए। इस हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई और नदी से बचाव दल ने 177 लोगों को बचाया। घटना के बाद सोमवार को नदी से 134 लोगों की लाशें निकाली गईं। सभी घायलों का मोरबी के सरकारी और प्राइवेट अस्पताल में इलाज जारी है। इस बीच गुजरात सरकार ने मोरबी पुल हादसे के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो नवंबर को राज्यव्यापी शोक की घोषणा की है।

# सुशील मोदी का दावा : जदयू का राजद में जल्द होनेवाला है विलय

- सियासत : बिहार में पूर्व डिप्टी सीएम ने बड़ा बयान देकर तेज की राजनीतिक हलचल, निशाने पर नीतीश कुमार
- जदयू के कई नेता और विधायक बीजेपी में आने के लिए प्रयासरत हैं

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर फिर से निशाना साधा है। उन्होंने दावा किया है कि नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड का जल्द ही लालू प्रसाद की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल में विलय होनेवाला है। सुशील मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार को डर है कि अगर वो अपनी पार्टी का विलय आरजेडी के साथ नहीं करेंगे तो उनकी पार्टी टूट जाएगी। सीएम नीतीश कुमार का आज तक यही इतिहास रहा है कि विलय करो और अपनी ताकत को बढ़ाओ। इसके पहले आनंद मोहन की पार्टी, राम विलास पासवान की पार्टी, कभी शरद यादव की पार्टी का विलय हुआ। अब नीतीश कुमार की पार्टी के विधायकों को तय करना है कि उनका भविष्य क्या रहेगा। सुशील मोदी ने कहा कि जनता दल यू के विधायक बीजेपी में आना चाहते हैं तो बीजेपी उनका स्वागत करेगी। क्योंकि बहुत ऐसे जेडीयू के नेता हैं, जिन्होंने अच्छा काम किया है। सुशील कुमार मोदी ने ये भी दावा है कि आरजेडी-जेडीयू के विलय को लेकर जेडीयू के बड़ी संख्या में नेता और विधायक हैं जो बीजेपी में आने के लिए प्रयासरत हैं और लगातार संपर्क कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय आने पर भाजपा उनपर विचार करेगी और पार्टी में शामिल करेगी।

**नीतीश ने बहाने से खुद को प्रचार से कर लिया अलग :** पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार की चोट एक बहाना है। मामला है प्रत्याशियों के सही चयन नहीं होने का। सुशील मोदी ने कहा कि जनता दल यू गोपालगंज और मोकामा के उम्मीदवारों से खुश नहीं है।



## राजद के सत्ता में आने के बाद बिहार में बढ़े अपराध

**पटना।** गोपालगंज के बंजारी मोड़ पर एक होटल में प्रेस वार्ता को संबोधित करते सुशील कुमार मोदी ने कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद से राज्य में फिर राजद के साथ रहने वाले अपराधी बड़ी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा बिहार में नीतीश कुमार ने जिस दिन भाजपा से गठबंधन तोड़कर नई सरकार बनाई उसी दिन से आपराधिक वारदातें बढ़ गईं। मोदी ने कहा कि बिहार की जनता नीतीश कुमार को अंतिम पारी के चुनाव में हरा कर घर भेजने वाली है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव से लेकर उनके बेटे उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव तक राजद में कुछ नहीं बदला। लालू यादव की पार्टी का हाल कुत्ते की तरह है। पूंछ में तेल लगाने के बाद भी सीधी नहीं होती है।

## भाजपा के नेताओं में गाली-गलौज की भाषा आम : राजद

राजद प्रवक्ता चितरंजन गगन ने सुशील मोदी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि अपने को संस्कारी पार्टी का दावा करने वाली भाजपा का असली संस्कार यही है और इनके नेताओं के बोल में गाली गलौज की भाषा आम है। जिस पार्टी के डीएनए में ही गद्दारी हो वह कुत्ते जैसे जानवर की वफादारी को नहीं समझ पायेंगे। सुशील मोदी ने जाने अनजाने में ही कुत्ते से राजद की तुलना कर इस सच्चाई को स्वीकार कर लिया है कि राजद ही जनता की सबसे विश्वस्त और वफादार पार्टी है। वैसे सुशील मोदी ने ऐसा बयान देकर जिस घटिया मानसिकता का परिचय दिया है गोपालगंज और मोकामा की जनता ही उसका जवाब देने का काम करेगी।

# हाजीपुर में कलयुगी बेटे ने मां को केरोसिन डालकर जिंदा जला दिया

**केटी न्यूज/पटना**

नशे के लिए पैसा नहीं देने पर एक कलयुगी बेटे ने अपनी मां को केरोसिन डालकर जिंदा जला दिया। जान बचाने के लिए महिला ने रूम से बाहर निकलने का काफी प्रयास किया, मगर निर्दयी बेटे ने मां को रूम से निकलने नहीं दिया। वारदात की सूचना पर सदर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी रोहित पोद्दार को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार समस्तीपुर जिला के मोहिउद्दीन नगर निवासी शंभु पोद्दार अपनी पत्नी व पुत्र के साथ विगत दस वर्षों से हाजीपुर के सदर थाना क्षेत्र के दिग्घी स्थित एक किराया के रूम में रहता था।

मृतक 46 वर्षीय संजू देवी आसपास कुछ काम-काज करती थी तथा आरोपी पुत्र 20 वर्षीय रोहित पोद्दार ऑटो चलाता और काफी नशा लेता था। शंभु पोद्दार ने बताया कि रोहित नशे में अक्सर लड़ाई करता था। कई बार उसे समझाने का प्रयास किया। लेकिन ऐसा कर देगा इसका अंदाजा नहीं था। घटना रविवार सुबह 9 बजे की है। महिला छठ पूजा की तैयारी कर रही थी, नशेड़ी पुत्र नशा की हालत में घर पहुंचा और नशा के लिए मां से पैसा मांगने लगा। मां ने पैसा देने से इनकार कर दिया। आक्रोशित होकर मां के साथ गाली-गलौज करने लगा। इसी बीच उसने मारपीट शुरू कर दी और फिर मां पर किरोसिन उड़ेलकर आग लगा दिया।

# मुंगेर में वर्चस्व को लेकर दो गुटों के बीच 40 राउंड फायरिंग

**केटी न्यूज/मुंगेर**

सूबे के मुंगेर जिले में वर्चस्व को लेकर दो गुट आपस में भिड़ गए। इसके बाद दोनों गुटों की ओर से दनादन फायरिंग शुरू हो गई। करीब 20 मिनट तक दोनों ओर से गोलियां चलती रहीं। इस बीच 40 राउंड फायरिंग की गई। गोलीबारी की यह घटना बिल्कुल फिल्मी अंदाज में होती रही। इस बीच गोलियों की तड़तडाहट से पूरा इलाका गूंजता रहा। इस गैंगवार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस घटना में पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोहली पंचायत का बताया जा रहा है। जहां महुली गांव के वार्ड संख्या तीन में रंजीत सिंह और इंदल सिंह के बीच वर्चस्व को लेकर तकरीबन 40 राउंड फायरिंग की गई। वायरल वीडियो में चार से पांच युवकों के हाथों में बंदूक दिखाई दे रही है। वे फिल्मी अंदाज में सामने वाले पक्ष पर गोलियां चलाते दिख रहे हैं। इधर दूसरे पक्ष से भी एक युवक फायरिंग कर रहा है। मामले के बाद से इलाके में सनसनी का माहौल पैदा हो गया है।



**टीकारामपुर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर होता है अवैध शराब का कारोबार :**


बताया जाता है कि टीकारामपुर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध शराब का कारोबार होता है। इस कारोबार में वहां के कई लोग संलिप्त हैं। अधिक शराब बेचने के चक्कर में शराब कारोबारी आपस में उलझ जाते हैं। मोहली पंचायत के टीकाराम बिंद टोली में शराब कारोबार को लेकर दो व्यक्ति आपस में उलझ गये। देखते-ही-देखते दोनों पक्ष आमने सामने हो गये। इसके बाद फायरिंग शुरू हो गयी। फायरिंग करनेवाले सभी 18 से 25 वर्ष की आयु के युवक थे, जो हाथ में कट्टा लेकर खुलेआम फायरिंग कर रहे थे। इस गोलीबारी का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# बनारस में देव दीपावली : अलग-अलग थीम पर सजेंगे अस्सी से राजघाट के बीच घाट

- 7 नवंबर को होनेवाली देव दीपावली उत्सअव की तैयारियों जोरों पर, राष्ट्र पति द्रौपदी मुर्मू होंगी मुख्य अतिथि
- बनारस के 84 घाटों और गंगा पार रेती पर जगमगाएंगे 12 लाख दीप

**एजेंसी/वाराणसी**

काशी नगरी में सात नवंबर को होनेवाली देव दीपावली उत्सव की तैयारियों जोरों पर है। इस बार यहां होनवाला यह उत्सव इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें राष्ट्रेपति द्रौपदी मुर्मू शामिल होने आ रही हैं। राष्ट्रपति काशी के अर्द्धचंद्राकार घाटों की श्रृंखला के अंतिम छोर पर नए बने नमो घाट पर देव दीपावली का पहला दीप मां गंगा को समर्पित करने के बाद सजे हुए क्रूज पर सवार होकर 84 घाटों और गंगा पार रेती पर 12 लाख दीपों के जलने से दमकते अद्भुत-अलौकिक चंद्रहार को निहारेंगीं। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश की राज्यापाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यकमंत्री योगी आदित्यननाथ होंगे। राष्ट्र पति बनने के बाद देव दीपावली उत्सेव का पहला मौका होगा, जब द्रौपदी मुर्मू काशी नगरी में होंगी। इससे पहले कोरोना संकट काल के बाद वर्ष 2020 में बनारस के सांसद और पीएम नरेंद्र मोदी देव दीपावली पर मौजूद थे। देव दीपावली उत्सीव में पहली बार राष्ट्र पति के आने को देखते हुए पूरे शहर को सजाने की योजना है। हर सड़क-चौराहे जगमग होंगे। काशी के गौरवशाली अतीत के साथ बदलते बनारस की झांकी सामने होगी। अस्सी से राजघाट के बीच घाटों को अलग-अलग थीम पर सजाने का प्लाकन है तो लेजर शो से घाटों की निराली छटा बिखरेगी। देव दीपावली से पहले गंगा तट पर तीन दिनी गंगा महोत्सकव में संगीत जगत के नामचीन सितारे सुर और ताल की धारा प्रवाहित करेंगे। देव दीपावली को देवताओं की दिवाली के रूप में भी जाना जाता है। कार्तिक पूर्णिमा के शुभ दिन यानी की देव दीपावली के दिन, भक्त गंगा में डुबकी लगाते हैं. क्योंकि इस दिन गंगा स्नान करने से सभी पाप मुक्त हो जाते हैं और सद्बुद्धि मिलती है। गंगा स्नान के बाद लोग भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हैं और शाम को मिट्टी के दीपक जलाते हैं। गंगा नदी के तट पर घाटों की सभी सीढ़ियां लाखों मिट्टी के दीयों से जगमगाती हैं। यहां तक कि बनारस के सभी मंदिर भी लाखों दीयों से जगमगाते हैं।



बनारस में देव दिवाली की फाइल फोटो

# ट्विटर में बड़े पैमाने पर छंटनी की तैयारी, 75% कर्मचारियों की नौकरी खतरे में

**नई दिल्ली।** एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर का स्वामित्व लेने के कुछ दिनों बाद ही छंटनी के संकेत दे दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स हैं कि मस्क ने प्रबंधन से ऐसे लोगों की सूची तैयार करने को कहा है, जिन्हें जाने के लिए कहा जा सकता है। इससे पहले कहा जा रहा था कि कंपनी में काम कर रहे 75 फीसदी कर्मचारियों की नौकरी जा सकती है।

बता दें कि एलन मस्क के ट्विटर खरीदने से पहले इस तरह की अटकलें लगाई जा रही थी कि वो आते ही ट्विटर में बड़े पैमाने पर लोगों को नौकरी से बाहर करेंगे। न्यूयॉर्क टाइम्स का कहना है कि कंपनी में छंटनी का दौर शनिवार से शुरू हो सकता है। सैन फ्रांसिस्को स्थित ट्विटर के एक प्रतिनिधि ने शनिवार को टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया।

मस्क के निजी लेन-देन के चलते बड़े पैमाने पर छंटनी पर चिंताएं बढ़ गईं हैं। संभावित निवेशकों को बताया गया है कि वह 75% कर्मचारियों की संख्या को समाप्त कर देंगे। वर्तमान में ट्विटर में 7,500 के करीब लोग काम करते हैं। हालांकि मस्क ने बाद में इनकार किया कि कटौती इतनी बड़ी संख्या में होगी। लेकिन, उन्होंने इस बात का खुलासा भी नहीं किया कि कंपनी से कितने लोगों को निकाला जा सकता है।

CMYK

## छोटी खबरें

### मिट्टी कटाई के विवाद में 10 लोगों पर प्राथमिकी

**आरा।** गंगा पार खवासपुर पंचायत में जबरन 5 लोगों के जमीन से मिट्टी कटाई कर रोड भराई के मामले मारपीट हो गया। ग्रामीणों ने सोमवार रात में एक जेसीबी, एक बाइक को पकड़कर थाना को सौंप दिया है। मारपीट व जबरन दूसरे के जमीन में मिट्टी कटाई को लेकर दो एफआईआर दर्ज पुलिस ने किया है। जिसमें भगवानपुर के डेरा निवासी रामदेव यादव ने मामला दर्ज कराया। जिसमें दिनेश्वर यादव समेत 10 को आरोपी बनाया है। आरोप लगाया है कि जबरन पंचायत के महिला मुखिया के देवर दिनेश्वर यादव ने रामदेव यादव समेत 5 लोगों के संयुक्त जमीन से रात में जेसीबी से मिट्टी कटाई करा रहे थे। जिसका विरोध करने पर मारपीट पर उतारु हो गये। हम सबों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची जेसीबी व साइकिल जब्त कर थाना लाया गया। उधर, मुखिया के देवर दिनेश्वर यादव ने भी काउंटर केस दर्ज कराया है।

### महिला का पर्स लेकर भाग उचक्का गिरफ्तार


**भभुआ।** डीडीयू गया रेलखंड स्थित भभुआ रोड स्टेशन पर फिरोजपुर धनबाद एक्सप्रेस ट्रेन से यात्रा कर रहे एक महिला यात्री का लेकर भाग रहे एक उचक्के को आरपीएफ पुलिस ने पकड़कर जीआरपी के हवाले कर दिया। भभुआ रोड स्टेशन के आरपीएफ उपनिरीक्षक विक्रमदेव सिंह ने बताया कि मंगलवार की दोपहर लगभग 1:20 बजे वे स्वयं पुलिस जवानों के साथ भभुआ रोड स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर गश्ती कर रहे थे, इसी दौरान फिरोजपुर धनबाद एक्सप्रेस ट्रेन एक प्लेटफार्म पर रुकी। इसी दरमियान ट्रेन खुलने के बाद अचानक ट्रेन के कोच संख्या एस सिक्स से एक युवक प्लेटफार्म पर कुदा। अचानक चलती हुई ट्रेन से युवक द्वारा कूदने के बाद गस्ती कर रही आरपीएफ पुलिस ने उक्त युवक को रोककर पूछताछ करने लगी।

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर हादसा में घायल युवक की मौत

**रोहतास।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान सोमवार की रात मौत हो गई। 24 अक्टूबर को दिल्ली से सासाराम आने के क्रम में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर इटावा के पास स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। जिस पर बभनी के 3 तथा दावत थाना के बभनौल अड्डा का एक युवक सवार था। दुर्घटना में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

# निमोनिया से बचाव के लिए संपूर्ण टीकाकरण जरूरी, बचाव को रहें सतर्क

**केटी न्यूज/आरा**




- निमोनिया से बचाव के लिए संपूर्ण टीकाकरण जरूरी, बचाव को रहें सतर्क
- बदलते मौसम में बढ़ जाता है निमोनिया संक्रमण का खतरा, बच्चे का रखें ख्याल
- न्यूमो कॉकल वैक्सीन (पीसीवी) का वैक्सीनेशन बचाव के लिए जरूरी

जिले में ठंड का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 10 नवंबर से जिले में ठंड के कारण तापमान में तेजी से गिरावट होने वाली है। बदलते मौसम में निमोनिया का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए, बच्चे एवं बुजुर्गों का इससे बचाव के लिए विशेष ख्याल रखने की जरूरत है। दरअसल, बच्चे एवं बुजुर्गों की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बेहतर कमजोर होती है। जिसके कारण इस बीमारी की चपेट में बच्चे व बुजुर्गों को आने का खतरा अधिक रहता है। क्योंकि, निमोनिया सांस से जुड़ी गंभीर बीमारी है, जो बैक्टेरिया, वायरस और फंगल की वजह से फेफड़ों में संक्रमण से होता है। इस वजह से बच्चों और बुजुर्गों को सांस लेने में काफी तकलीफ होती है। इस बीमारी से बचने का एक मात्र उपाय न्यूमो कॉकल वैक्सीन (पीसीवी) का वैक्सीनेशन ही है।

जिले के सभी पीएचसी में **उपलब्ध है निःशुल्क पीसीवी का टीका :** जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि निमोनिया के प्रारंभिक लक्षण सर्दी-खांसी जैसे हो सकते हैं। ज्यादातर कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोग इससे जल्दी ग्रसित हो जाते हैं। जिन बच्चों को पीसीवी का टीका नहीं पड़ा है उन बच्चों को इस बीमारी की चपेट में आने की संभावना अधिक रहती । इस बीमारी में मवाद वाली खांसी, तेज बुखार एवं सीने में दर्द समेत अन्य परेशानी होती है। यह समुचित इलाज के अभाव में जानलेवा भी साबित हो सकती है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी को टीकाकरण से रोका जा सकता है। इसलिए, अपने बच्चों को संपूर्ण टीकाकरण के अंतर्गत पीएचसी में उपलब्ध निःशुल्क पीसीवी का टीका निश्चित रूप से लगवाएं। बच्चे को जन्म के पश्चात दो साल के अंदर सभी तरीके के पड़ने वाले टीका जरूर लगवाने चाहिए। इससे बच्चे की रोग-प्रतिरोधक क्षमता मजबूत तो होती ही है। इसके अलावा वह 12 से अधिक प्रकार के बीमारियों से भी दूर रहता है।

**निमोनिया से होता है फेफड़ों में संक्रमण :** निमोनिया सांस से जुड़ी एक गंभीर बीमारी है। इसकी वजह से फेफड़ों में संक्रमण होता है। आम तौर पर यह बीमारी बुखार या जुकाम होने के बाद ही होता है। निमोनिया बैक्टेरिया, माइक्रोबैक्टेरिया, वायरल, फंगल और पारासाइट की वजह से उत्पन्न संक्रमण की वजह से होता है। इसका संक्रमण सामुदायिक स्तर पर भी हो सकता है। निमोनिया का प्रारंभिक लक्षण बुखार के साथ पसीना एवं कंपकपी होना, अत्यधिक खांसी में गाढ़ा, पीला, भूरा या खून के अंश वाला बलगम आना, तेज-तेज और कम गहरी सांस लेने के साथ सांस का फूलना, होंठ या अंगुलियों के नाखून नीले दिखाई देना, बच्चों में परेशानी व उत्तेजना बढ़ जाना है।

# सिंगही हत्याकांड : गोलीबारी व हत्या के खिलाफ दूसरे दिन बवाल, सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

## शव रख और टायर जलाकर आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाए पुलिस के खिलाफ नारे

- पुलिस पर आरोपितों के साथ मिलीभगत का आरोप लगा किया गया हंगामा
- आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर करीब पांच घंटे जाम रहा आरा-सिन्हा रोड

**केटी न्यूज/आरा**



फोटो 00 : सड़क पर शव रख जाम करते ग्रामीण



फोटो 00 : ग्रामीणों को समझाते पुलिस अधिकारी

नगर थाना अंतर्गत जिला मुख्यालय से सटे सिंगही हत्या और गोलीकांड के खिलाफ दूसरे दिन भी लोगों में जबरदस्त उबाल रहा। जख्मी छोटकी सिंगही गांव निवासी युवक ढेमन उर्फ विवेक कुमार सिंह की देर रात मौत के बाद लोगों का गुस्सा भड़क उठा। ढेमन का शव आने के बाद गुस्साए लोग मंगलवार की सुबह रोड पर उतर गये और जमकर बवाल काटा। लोगों द्वारा शव रख और टायर जलाकर रोड जाम कर दिया गया। सड़क जाम कर रहे लोग हत्या और गोली कांड के आरोपितों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। पुलिस पर आरोपितों के साथ मिले होने का आरोप लगा कर नारेबाजी भी की जा रही थी। ग्रामीण सुबह करीब दस बजे ही रोड पर उतर गये थे। उससे आरा-सिन्हा मार्ग पर करीब पांच घंटों तक अफरातफरी मची रही और आवागमन बाधित रहा।

**मुख्यालय डीएसपी ने लोगों को दिया आश्वासन :** जाम की सूचना पर नगर, नवादा और मुफस्सिल थानाध्यक्ष दलबल के साथ मौके पर पहुंच गये थे। लेकिन लोग अपनी मांग पर अड़े रहे। बाद में एसपी के निर्देश पर मुख्यालय डीएसपी विनोद कुमार सिंह भी जामस्थल पर पहुंचे और गुस्साये लोगों को समझाया। उन्होंने आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी का ठोस आश्वासन दिया। तब जाकर लोग शांत हुये और करीब तीन बजे सड़क जाम समाप्त हो सका। बता दें कि सोमवार की देर शाम मूर्ति विसर्जन के दौरान छोटकी सिंगही गांव के दो पक्षों के बीच विवाद और झड़प हो गया थी। उसके बाद शिकायत करने गये एक पक्ष के तीन युवकों पर दूसरे पक्ष की ओर से हमला कर दिया गया था। उसमें अभिषेक कुमार सिंह और उसके चचेरे भाई सागर कुमार सिंह को गोली मार दी गयी थी। वहीं ढेमन उर्फ विवेक कुमार सिंह को धारदार हथियार से काट दिया गया था। देर रात इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गयी थी।

### बेटे मार रहे थे गोली, ललकार रही थी मां

अभिषेक सिंह के फर्दबयान के अनुसार ढेमन और चचेरे भाई सागर के साथ ऋतिक सिंह के घर शिकायत करने गया था। ऋतिक के दरवाजे पर उसकी मां पुष्पा देवी को घटना के बारे में जानकारी दे रहा था। तभी छत पर खड़े ऋतिक सिंह सिंह ने राइफल और राजा सिंह द्वारा कट्टा से उनपर फायरिंग की जाने लगी। उसमें उसे सीने और पेट उसकी उसके चचेरे भाई सागर को चेहरे पर गोली लग गयी। उसी दौरान दरवाजे खोल ऋतिक सिंह के घर की महिला सदस्यों के अलावे उसके अन्य भाई और दोस्तों द्वारा ढेमन उर्फ विवेक कुमार सिंह व सागर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। उसमें तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद तीनों को अस्पताल लाया गया।

### आरोपितों की धरपकड़ के लिए छापेमारी जारी

इधर, एसपी के निर्देश पर पुलिस की कार्रवाई शुरू हो गयी है। इस मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। राइफल और गोली भी बरामद की गयी है। इधर, इस मामले में गोली से जख्मी अभिषेक कुमार सिंह के फर्दबयान पर प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है। उसमें गांव के ही ऋतिक सिंह और उसके भाइयों व दोस्तो सहित आठ लोगों को नामजद किया गया है। उसकी मां पर भी ललकारने का आरोप लगाया गया है। बयान के अनुसार अभिषेक सिंह गांव के कुछ लड़कों के साथ रविवार की शाम भगवान सूर्य की मूर्ति विसर्जित करने महुली गये थे। वहां ऋतिक सिंह द्वारा विवाद और मारपीट की गयी। मूर्ति विसर्जन के बाद वह अपने चचेरे भाई सागर सिंह और गांव के ढेमन उर्फ विवेक कुमार सिंह के साथ घटना की शिकायत करने ऋतिक सिंह के घर गये थे। वहां दोनों भाइयों को गोली मार दी गयी और ढेमन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। इधर, घटना के बाद सोमवार की देर शाम अस्पताल पहुंचे एसपी संजय कुमार सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। पूर्व का विवाद भी बताया जा रहा है।

## एक नजर

### स्नातक के पाठ्यक्रम के लिए छात्रों को नहीं मिली निर्देशिका व सिलेबस



**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अंतर्गत विभिन्न कॉलेजों में स्नातक पार्ट-वन सत्र, 2022-25 में करीब 85 हजार विद्यार्थियों का दाखिला हुआ है। विद्यार्थियों ने अपने दाखिले के लिए शुल्क भी भुगतान कर दिया है। लेकिन उन विद्यार्थियों को नामांकन के समय ना तो निर्देशिका दी गई और ना ही सिलेबस उपलब्ध कराया गया है जबकि इसके लिए विद्यार्थियों से शुल्क भी लिया जाता है। विद्यार्थियों ने बताया कि नामांकन शुल्क में निर्देशिका एवं सिलेबस का भी शुल्क लिया गया है इसके बावजूद विद्यार्थियों को निर्देशिका और सिलेबस उपलब्ध नहीं कराया गया है। निर्देशिका एवं सिलेबस उपलब्ध नहीं कराने से विद्यार्थियों को इस बात की जानकारी नहीं मिल पाती है कि कॉलेज में कौन एनसीसी अधिकारी, एनएसएस अधिकारी, खेलकूद अधिकारी, डॉक्टर, विभाग के हेड एवं किस विषय के कौन कौन से शिक्षक हैं। कॉलेज की स्थापना कब हुई। कॉलेज का इतिहास क्या है और क्या-क्या सुविधाएं कॉलेज में उपलब्ध हैं। गौरतलब हो कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अंतर्गत 17 अंगीभूत कॉलेज, एक अनुमंडल कॉलेज और तीन दर्जन से ज्यादा संबद्ध कॉलेज हैं जो भोजपुर, बक्सर, रोहतास एवं कैमूर जिले में स्थित है। पूर्व सीनेटर अजय कुमार तिवारी मुनमुन ने बताया कि विश्वविद्यालय नामांकन के समय प्रति छात्र छात्राओं से निर्देशिका एवं सिलेबस के नाम पर ?100 शुल्क लेता है। पिछले वर्ष भी स्नातक एवं स्नातकोत्तर में नामांकन लिया गया और छात्र- छात्राओं को निर्देशिका एवं सिलेबस उपलब्ध नहीं कराया गया। यह परिपाटी इस बार भी स्नातक पार्ट वन के नामांकन में देखने को मिला है।

### महाखेल-कूद प्रतियोगिता में 1600 मीटर की दौड़ में मंगराव के जयप्रकाश ने मारी बाजी



**रोहतास।** दीपावली, गोवर्धन पूजा और छठ पूजा के अवसर पर खिरियांव पंचायत की मुखिया मंजू देवी के द्वारा खिरिआंव गांव के श्री कृष्ण मेमोरियल खेल मैदान में महाखेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सीओ अमित कुमार, मंगराव मुखिया वकील यादव, दनवार पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जितेन्द्र सिंह उर्फ भैया जी व मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार सिंह ने फीता काटकर प्रतियोगिता कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेल से खिलाड़ियों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के साथ साथ मनोरंजन एवं उनके प्रतिभा का सम्मान भी होता है। वही इस प्रतियोगिता में 1600 मीटर, 400 मीटर व 100 मीटर की दौड़ फुटबॉल आदि खेलो का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखण्ड के दूर-दराज गांव से आए हुए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में 1600 मी० में प्रथम स्थान मंगराव के जयप्रकाश, द्वितीय राकेश यादव व तृतीय रौशन कुमार रहा। सभी विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को अतिथियों ने शील्ड व मेडल देकर सम्मनित किया। मैच में रेफरी की भूमिका मतलूब खान व लाइंसमैन की भूमिका रोहित यादव, गोलू, माधव, शुभम व दीपक ने निभाया। उद्घोषक का कार्य सुधीर सिंह, मनोज कुमार सिंह व दीपक कुमार ने निभाया। इस अवसर पर सभी लोगो को संबोधित करते हुए सीओ अमित कुमार ने कहा कि बच्चो को प्रोत्साहित करने के लिए इस तरह की प्रतियोगिता हमेशा होनी चाहिए। खेलकूद हमारे जीवन का एक अंग है। खेलकूद से शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है और इससे उन्हें प्रोत्साहन भी मिलता है।

### मिठाई दुकान पर बच्चे से कराया जा रहा था काम कराया गया मुक्त, केस दर्ज

**भभुआ।** श्रम प्रवर्तन विभाग व बाल संरक्षण की टीम ने शहर के एक्सिस बैंक के पास स्थित एक मिष्ठान दुकान में धावा बोला।इस दौरान मिष्ठान दुकान में झारखंड प्रांत के चतरा जिले के रहने वाले एक बालक जिससे काम लिया जा रहा था,टीम ने मुक्त कराया।इस मामले में दुकानदार पर एफ आई आर दर्ज करने की तहरीर सदर थाना में दी गई है। थाने में दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने दुकानदार के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

# भैंस बांधने के विवाद में बुजुर्ग महिला की गोली मार की हत्या

- हिरासत में लिया गया एक आरोपित, पुलिस कर रही लेकर पूछताछ

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के पवना थाना क्षेत्र के पवार गांव में मंगलवार की शाम भैंस बांधने के विवाद के विवाद में एक बुजुर्ग महिला की गोली मार हत्या कर दी गयी। घर में घुस महिला को तीन गोलियां मारी गयी है।

उसमें महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। उससे पहले महिला के पोते राकेश कुमार पासवान की जमकर पिटाई कर दी गयी। उससे वह भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। मृत महिला पवार गांव निवासी स्व. कईल पासवान की 70 वर्षीया पत्नी शारदा कुंअर थी। हत्या का आरोप गांव के ही भीम यादव सहित अन्य लोगों पर लगाया जा रहा है। वहीं घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों द्वारा आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को ले मौके पर पहुंची पुलिस को शव उठाने से रोका दिया गया। उससे कुछ देर के लिए अफरातफरी मची रही।

वहीं सूचना मिलने पर एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में थानाध्यक्ष रितेश दूबे सहित आसपास के अन्य थानों की पुलिस पहुंच गयी और समझाकर लोगों को शांत कराया गया। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उसके बाद एएसपी द्वारा मृत महिला के परिजनों से घटना की जानकारी ली और अपने स्तर से छानबीन भी की। उस दौरान पुलिस को घटनास्थल से एक खोखा भी मिला है।

वहीं इस मामले में पुलिस ने एक आरोपित को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस आरोपितों की धरपकड़ में जुट गयी है। उसके लिए छापेमारी की जा रही है। पहले भैंस पर बरसाई लाठी, मना करने पर पोते को पीटा फिर महिला को मारी गोली : इपवार गांव निवासी राकेश कुमार पासवान ने बताया कि वह काफी समय से अपने घर के बगल में भैंस को बांधता रहा है। मंगलवार की सुबह भी उस जगह पर भैंस बांधी थी।

# जल जीवन हरियाली दिवस पर गोष्ठी और कार्यशाला का हुआ आयोजन

**केटी न्यूज/रोहतास**



मंगलवार को नगर पंचायत नासरीगंज के सभा कक्ष में कार्यपालक पदाधिकारी मो० जुल्फिकार अली प्यामी की अध्यक्षता में जल जीवन हरियाली दिवस के अवसर पर नगर के सभी कर्मियों एवं विकास मित्र, सीपीआरएस महिलाओं के साथ गोष्ठी सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को जल-जीवन-हरियाली दिवस आयोजित किया जाना है। ईओ ने कहा कि कोविड-19 की वैश्विक महामारी के कारण बहुत दिनों से जल-जीवन-हरियाली दिवस स्थगित कर दिया गया था। यह कार्यक्रम प्रत्येक महीने के प्रथम मंगलवार को मनाया जाएगा। बिहार सरकार के अति महत्वपूर्ण, जन उपयोगी एवं महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जल जीवन हरियाली के बारे में बताया गया। इसके तहत नगर में साफ-सफाई, नाली की सफाई आदि पर विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर कर्मी रामबाबु कुमार, देवमुनि प्रसाद, चंद्रशेखर कुमार सिंह, भोला कुमार, जय प्रकाश नारायण, शंकर प्रसाद, जितेंद्र कुमार, निर्मला देवी, दीप कुमारी, बिरेन्द्र कुमार थे।

# 17 दिसम्बर को वाणावर पहाड़ी के तलहटी में होगा वाणावर महोत्सव का आयोजन

- महोत्सव की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की अधिकारियों के साथ बैठक
- साफ-सफाई के साथ महोत्सव स्थल पर मूलभूत सुविधाओं के लिए दिए दिशा-निर्देश

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



बैठक में जानकारी देते डीएम व अन्य

वाणावर महोत्सव की आवश्यक तैयारियों को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में संबंधित विभागों केअधिकारियों के साथ बैठ की। जिसमें डीएम ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान सर्वप्रथम बताया गया कि राज्य पर्यटन विभाग व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में मखदुमपुर प्रखंड अंतर्गत वाणावर पहाड़ी के तलहटी में 17 दिसम्बर को ह्यह्यवाणावर महोत्सव, 2022हृह्ण का आयोजन होने वाला है। साथ ही, जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों को महोत्सव के सफल संचालन हेतु बिंदुवार निर्देश दिए गए। जिसमें कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत को साफ सफाई, कचरा प्रबंधन का दायित्व देते हुए आवश्यक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी पीएचईडी को महोत्सव स्थल पर पानी तथा शौचालय की व्यवस्था करने तथा नियमित सफाई कराने निर्देश दिया गया। जिला नजारत उप समाहर्ता को इस महोत्सव के आयोजन में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को महोत्सव के संबंध में सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार करने, समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराने आवश्यकतानुसार फ्लेक्स संस्थापन करने निर्देश दिया गया।

ओवरलोडेड गाड़ियों का सघन चेकिंग करने का फरमान :

विधि व्यवस्था के संधारण हेतु एसडीओ एवं एसडीपीओ को दायित्व दिया गया। साथ ही, एसडीओ, एसडीपीओ, जिला खनन पदाधिकारी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा कार्यक्रम स्थल रूट पर संयुक्त रूप से अवैध खनन संबंधित छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी एवं मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर को कार्यक्रम स्थल रूट पर ओवरलोडेड गाड़ियों का सघन चेकिंग करने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता आरडब्ल्यूडी को रोड की मरम्मती करने का निर्देश दिया गया। जिला योजना पदाधिकारी को रोपवे परियोजना, धर्मशाला का हस्तांतरण एवं होटल नागाजुर्नी विहार के क्रियान्वयन संबंधी कार्यों का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के लिए होगा समिति का गठन :** वाणावर महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हेतु एक समिति गठन करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही,

स्थानीय कलाकारों को बढ़ावा देने हेतु पदाधिकारियों एवं कला विशेषज्ञों की चयन समिति बनायी जाएगी। चयन समिति के समक्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को वाणावर महोत्सव में कला प्रस्तुति का अवसर प्राप्त हो सकेगा।

स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति से संबंधित जानकारी हेतु जिला सामान्य शाखा से संपर्क स्थापित किया जा सकता है।


कुमार अर्थोपेडीक मल्टी स्पेस्लीटी क्लिनीक की ओर से जिलेवासिओं को छठ की हार्दिक शुभकामनाएं



## छोटी खबरें

### इलाज के दौरान जख्मी की मौत, पसरा मातम

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के भोजपुर-डुमरी रोड में दो अक्टूबर को तेज रफ्तार बाइक से जख्मी हुए बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गयी। मौत की सूचना जैसे ही परिजनों को मिला घर में मातम पसर गया। मृतक नया भोजपुर का रहने वाला 72 वर्षीय बबन प्रसाद बताए जा रहे हैं। मृतक की पत्नी जानकी देवी ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया है कि मृतक घर से पकवाइनार चौक पैदल जा रहे थे। इसी दौरान डुमरी सड़क पर एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी और फरार हो गया। इस हादसे में वह बुरी तरह जख्मी हो गये, जिनका इलाज बनारस के ट्रामा सेंटर में चल रहा था, जहां उनकी मौत हो गयी। मामले में पुलिस की टीम जांच-पड़ताल करने में जुटी है।

### 146 पीस टेट्रा पैक के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

**राजपुर।** स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग अलग जगहों से 146 पीस टेट्रा पैक शराब के साथ दो करोबारियों को जबकि छह शराबियों को शराब के नशे में गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बताया जाता है कि पुलिस ने यूपी से शराब की खेप लेकर सोनपा बलुआ घाट के रास्ते राजपुर थाना क्षेत्र में प्रवेश कर रहे दो कारोबारियों को 146 पीस टेट्रा पैक शराब के साथ धर दबोचा। कारोबारियों की पहचान इटाढ़ी थाना क्षेत्र के चिलहर गांव के सुभाष राय उर्फ सुभाष सिंह तथा राजू कुमार सिंह के रूप में हुई है। इसके अलावे भी थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से कुल आधा दर्जन शराबियों को पकड़ा गया है। मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के बाद सभी को जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष युसुफ अंसारी ने इसकी पुष्टि की है।

### मिट्टी में छिपाकर रखी शराब बरामद, आरोपी फरार

**डुमरांव।** स्थानीय पुलिस ने शहर के पॉश इलाका स्थित निमेज टोला मोहल्ले में छापेमारी कर मिट्टी में छिपाकर रखे गये 85 पीस अंग्रेजी शराब को बरामद करने में सफलता पायी है। हालांकि पुलिस के आने की भनक मिलते ही कारोबारी भागने में सफल रहा। पुलिस ने आरोपी की पहचान निमेज टोला के मिट्ठू ठठेरा के रूप में किया है। जिसकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि छठ महापर्व में शराब खपाने को लेकर धंधेबाज शराब की खेप लेकर आया है।

# गर्भवती माताओं को एनीमिया से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कसी कमर

**केटी न्यूज/बक्सर**



- जिले की सभी गर्भवती माताओं का हो चार प्रसव पूर्व जांच
- उच्च जोखिम वाली गर्भवतियों की पहचान जरूरी
- एनीमिया मुक्त करने के लिए वितरित की जाएगी गोलियां

राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग मातृ-शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। इसके लिए गर्भवती माताओं का गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच एवं उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताओं की पहचान करते हुए उनके उचित प्रसव प्रबंधन उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। वहीं, पोषण अभियान जैसे कार्यक्रम की मदद से पोषण पर पारिवारिक तथा सामाजिक जागरूकता लायी जा रही है। एनएफएचएस (राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण) के आंकड़े इस बात की ओर इशारा करते हैं कि गर्भवती माताओं में एनीमिया का दर बढ़ रहा है। एनएफएचएस-5 के आंकड़ों के अनुसार बक्सर जिले की 55.1 फीसदी गर्भवती महिलायें एनीमिया से ग्रसित हैं। एनएफएचएस-4 में यह आंकड़ा 49.2 फीसदी था। जिसको कम करने के लिए विभाग अपने स्तर से पूरी तरह काम कर रहा है। इस क्रम में सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश के आलोक में गर्भवती माताओं को एनीमिया से बचाने के लिए फोलिक एसिड, कैल्सियम एवं आयरन व फोलिक एसिड की गोलियां वितरित की जा रही हैं।

**वितरित की जाएगी फोलिक एसिड, कैल्सियम एवं आयरन की गोलियां :** अपर मुख्स चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनिल भट्ट ने बताया, जिले की सभी गर्भवती माताओं की चार प्रसव पूर्व जांच करते हुए उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताओं की पहचान की जा रही है। उन्होंने बताया गर्भवती माताओं के प्रथम त्रैमास प्रसव पूर्व जांच के दौरान 90 फोलिक एसिड की गोलियां एवं द्वितीय त्रैमास में 360 कैल्सियम एवं 180 आयरन व फोलिक एसिड की गोलियां एक साथ उपलब्ध करायी जाएंगी। साथ ही, एएनएम व आशा के द्वारा गर्भवती माताओं द्वारा उक्त सभी गोलियों का सेवन सुनिश्चित किये जाने के लिए उनका फॉलोअप भी संबंधित किया जाएगा। धातृ माताओं को भी सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश के आलोक में 180 आयरन व फोलिक एसिड की गोलियां तथा 360 कैल्सियम की गोलियां एक साथ दी जाएंगी। इन वितरित की गई गोलियों का संधारण एमसीपी कार्ड पर भी किया जाएगा।

**कमजोर व बीमार शिशु जन्म का कारण एनीमिया :** गर्भवती माताओं का एनीमिया से ग्रसित हो जाना एक आम समस्या है। इससे बचने के लिए गर्भवती माताओं को चाहिए कि वे नियमित रुप से सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर आयोजित प्रसवपूर्व जांच सत्रों में भाग लेकर अपना चारों प्रसवपूर्व जांच अवश्य करायें। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा दिये परामर्श अनुरुप फोलिक एसिड, कैल्सियम व आयरन की गोलियों का सेवन जरूर करें। गर्भवती माताओं का एनीमिया ग्रस्त होना उनके साथ-साथ उनके गर्भस्थ शिशुओं को भी प्रभावित करता है।

यदि कोई गर्भवती महिला

# भीषण चोरी : महिलाओं को घर में बन्द कर पांच लाख के गहने और कीमती सामान ले उड़े चोर

- रेवटिया में घर में सो रही महिलाओं के दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया घटना को अंजाम
- नचाप पंचायत में दो महीने के अंदर भीषण चोरी की तीसरी घटना से सहमें ग्रामीण

**केटी न्यूज/डुमरांव**



मुरार थाना क्षेत्र के नचाप पंचायत अंतर्गत रेवटिया गांव में सोमवार की रात चोरों ने एक घर में चोरी की भीषण घटना को अंजाम दिया है। पिछवाड़े की दीवाल फांद चोरों ने घर में सो रही महिलाओं के कमरे को बाहर से बंद कर आलमीरा व अटैची तोड़ इस घटना को अंजाम दिया है। चोरों द्वारा 20 हजार रुपये नकद के साथ ही करीब पांच लाख रुपये मूल्य के सोने और चांदी के आभूषण के साथ ही कीमती सामानों की चोरी की गई है। यह वारदात ग्रामीण शिवशंकर यादव उर्फ तिला यादव के घर में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार शिवशंकर घर से बाहर दलान पर सोता है। जबकि उसके बेटे परदेश में नौकरी करते है। घर में उसकी दो बहु तथा एक बूढ़ी औरत थी। देर रात अज्ञात चोर पीछे से दीवाल फांद घर में घुसे तथा जिन कमरों में महिलाएं सो रही थी, उसे बाहर से बंद कर दूसरे कमरो में रखे आलमीरा व बक्सो को तोड़ उसमें रखे 20 हजार रुपये नकद के साथ ही सोने के हार, दो सिकड़ी, दो जोड़ी कानबाली, चार अंगूठी, चांदी के दो जोड़ा पायल समेत फूल व पीतल के बर्तनों, कीमती कपड़े समेत कुल पांच लाख रुपये मूल्य के अधिक के सामान पर हाथ फेरा है।

पड़ोस के लोग जब दीवाल कूदकर किसी तरह कमरों को खोले तथा महिलाएं बाहर आई, तो देखा कि दूसरे कमरों का दरवाजा खुला है तथा आलमीरा व बक्सा टूटा है तथा सामान अस्त व्यस्त पड़े है। तब जाकर उन्हें चोरी की बात समझ में आई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को भी दी गई।

### पति ने फोन कर पड़ोसियों को दी घटना की जानकारी

रात करीब ढाई बजे जब घर की एक महिला की नींद खुली तथा वह रूम से बाहर निकलने के लिए दरवाजा खोलना चाही तो दरवाजा बाहर से बंद मिला। काफी प्रयास के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो वह अपने पति के पास फोन कर इस घटना की जानकारी दी। पति ने पड़ोसियों को फोन किया।

### बागीचे में मिले टूटी हुई अटैची व बक्से

इधर, पुलिस के आने से पहले स्थानीय लोग आसपास के इलाके में छानबीन शुरू की। जहां लोगों ने देखा कि घर से करीब दो सौ मीटर दूर एक बागीचे में टूटी हुई अटैची व बक्से भी मिले। गृह स्वामी शिवशंकर ने इस संबंध में अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने इसकी पुष्टि की है। गौरतलब है कि नचाप पंचायत क्षेत्र में पिछले दो महीने के दौरान भीषण चोरी की यह तीसरी वारदात है। इसके पहले चोरों ने इस पंचायत के दंगौली गांव में रिटायर्ड पुलिसकर्मी तथा वीरपुर गांव के एक संभ्रांत किसान के घर चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

# इस महीने बक्सर जिले में होंगे चार बड़े आध्यात्मिक आयोजन

### सात से लेकर 29 नवंबर तक सिद्धाश्रम में लोग लगाएंगे भक्ति के सागर में गोते

**केटी न्यूज/बक्सर**



इस महीने जिले के लोग भक्ति के सागर में गोते लगाएंगे। क्योंकि सिद्धाश्रम में 7 नवंबर से लेकर 29 नवंबर तक चार बड़े आध्यात्मिक आयोजन होने वाले हैं। अगर हम क्रमवार इनकी चर्चा करें तो पहला आयोजन श्रीराम कर्म भूमि न्यास द्वारा आयोजित है। जो सात नवंबर को देव दिवाली के दिन प्रारंभ हो रहा है। उसी दिन से बक्सर में पद्म विभूषित अंतर्राष्ट्रीय संत स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज द्वारा राम कथा का श्रीगणेश भी होगा। 9 दिनों तक चलने वाला आयोजन 15 को लक्ष्मी नारायण यज्ञ के साथ संपन्न होना है। जिसका समस्त संचालन भारत वर्ष के महान सन्यासी संत पूज्य जीयर स्वामी जी के निर्देशन में होना है। हालांकि इस आयोजन में कुल पांच खंड में होना है। जिसमें दीपोत्सव, राम कथा, भागवत कथा, लक्ष्मीनारायण यज्ञ व प्रज्ञा यज्ञ होना है। इसी बीच 13 नवंबर से बक्सर का अति विख्यात पंचकोशी मेला भी प्रारंभ हो जाएगा। 13 को पहला पड़ाव अहिरौली में होगा। 17 तारीख को यह पंचकोश मेला चरित्रवन में लिट्टी चोखा के साथ संपन्न होगा। इसके अगले ही दिन 18 नवम्बर को भारतवर्ष के महान तपस्वी संत पूज्य त्रिदंडी स्वामी जी की पुण्यतिथि भी मनेगी। उनका समाधी स्थल चरित्रवन में स्थित है। यहां भी यज्ञ चलेगा। जिसका समापन पूज्य जीयर स्वामी जी महाराज की उपस्थिति में होगा। त्रिदंडी स्वामी जी के ही शिष्य हैं पूज्य जीयर स्वामी। इन तीन बड़े भव्य आयोजनों के उपरांत 21 नवंबर से शहर के नया बाजार में होने वाला सिय-पीय मिलन महोत्सव प्रारंभ हो जाएगा। जो 29 तक चलेगा। इस वर्ष वहां इंद्रेश उपाध्याय कथा कहेंगे। सीताराम विवाह महोत्सव पूज्य मामा जी द्वारा नया बाजार में प्रारंभ किया गया था। इससे पहले उनके गुरु खाकी बाबा महाराज चरित्रवन में यह आयोजन करते थे। स्थानीय लोगों के अनुसार लगभग 50 वर्षों से अपने शहर में होता चला आ रहा आयोजन पूरे देश में अपनी अलग पहचान बना चुका है।

# सोनवर्षा के मां विंध्यवासिनी इमरजेंसी हॉस्पिटल का चौथा स्थापना दिवस मना

**केटी न्यूज/नावानगर**

सोनवर्षा के मां विंध्यवासिनी इमरजेंसी हॉस्पिटल का मंगलवार को चौथा स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन रिटायर्ड शिक्षक श्रीराम सिंह ने फीता काट व दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद बिहार ग्रामीण चिकित्सक मंच के बैनर तले एक सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के सभी जिला से ग्रामीण चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन की अध्यक्षता मंच के प्रदेश अध्यक्ष डॉ जितेंद्र सिंह ने किया। सम्मेलन में वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिथिलेश चौबे ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त ग्रामीण चिकित्सकों से सरकार समुदाय आधारित स्वास्थ्य सेवाओं को मुहैया कराने हेतु कार्य ले सकती है। उन्होंने बताया कि दो वर्ष पूर्व कोरोना वायरस से उत्पन्न विभीषिका के दौरान सभी ग्रामीण चिकित्सकों द्वारा पूर्ण मनोयोग से कार्य किया गया था। जिसके लिए प्रोत्साहन स्वरूप प्रमाण पत्र ग्रामीण चिकित्सकों को सरकार द्वारा प्रदान करनी चाहिए। पर सरकार द्वारा ऐसा नहीं किया जा रहा है। मौके पर डॉ विजय श्रीवास्तव, डा भृगुनाथ यादव, डा संतोष कुमार भगत, आरती सिंह, डा गुप्तेश्वर गुप्ता, डा धर्मेंद्र तिवारी समेत राज्य के सभी जिलों से ग्रामीण चिकित्सक मौजूद थे।

### डेंगू को दावत दे रहा है सेंट्रल नाला का मिस मैनजमेंट

**डुमरांव।** शहर के लोगों को डेंगू के खतरे से सावधान होने की जरूरत है। शहर के विभिन्न जगहों पर व्याप्त जलजमाव डेंगू के खतरें को खुला दस्तक दे रहा है। नप की लापरवाही के कारण सेंट्रल नाला के आसपास के इलाकों में बसे मोहल्ले के लोग नप की मिस मैनजमेंट का शिकार हो रहे हैं। करीब दस एकड़ के दायरें में सालों से सेंट्रल नाला का गंदा पानी जमा है।

# विहिप ने गोपाष्टमी पर किया गौ माता का पूजन, गोपालन का दिया संदेश

**केटी न्यूज/बक्सर**



गोपाष्टमी के अवसर पर मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद द्वारा गोपूजन किया गया। इस दौरान बक्सर स्थित आदर्श गौशाला विहिप द्वारा विधि विधान से गौ पूजन कर हवन किया गया। विहिप के नेतृत्व में ही मारवाड़ी महिला समिति के सदस्यों ने बारी बारी से गौशाला की सभी गायों की पूजा की। पूजन तथा हवन के बाद प्रसाद वितरित भी किया गया। विहिप के संगठन मंत्री पंकज मानसिंहका, सचिव अनिल मानसिंहका, सत्यदेव प्रसाद, सुरेश राय, अशोक पोद्दार आदि के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ था। दूसरी तरफ सिमरी प्रखंड के बलिहार के उप मुखिया रविकांत उर्फ गोलू सिंह के यहा विहिप ने देशी नस्ल की गाय का पूजन किया तथा इस नस्ल के संरक्षण व संवर्धन पर बल दिया। गोपाष्टमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विहिप के सत्संग प्रांत सह प्रमुख कन्हैया पाठक ने कहा कि इसी दिन से भगवान श्रीकृष्ण ने गोपालन की शुरूआत की थी। उन्होंने देशी नस्ल की गाय के गुणों पर भी विस्तृत चर्चा की। गोपूजन में विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्र भूषण ओझा, सोनू मिश्र, अमरेश यादव, चिंटू यादव, अरविंद सिंह, प्रचार-प्रसार प्रमुख संतोष कुमार ओझा, मुखिया धर्मराज चौरसिया, गुल्लू पंडित, श्रीभगवान सिंह, सोना सिंह, मोहम्मद मुख्तार अंसारी, छोटू सिंह, लाला सिंह, राज नारायण यादव, नंदू सिंह, गुड्डू यादव आदि थे।

## एक नजर

### अयानत कुशल युवा प्रशिक्षण केन्द्र में नामांकन शुरू, मुफ्त में सीखें डीसीए, टैली व टाइपिंग




**डुमरांव।** डुमरांव के साफाखाना रोड स्थित अयानत कुशल युवा प्रशिक्षण केन्द्र के नए सत्र का नामांकन शुरू हो गया है। फिलहाल इस केन्द्र में बीएस-सीआईटी, बीएस-सीएलएस व बीएस सीएसएस कोर्सो में एडमिशन हो रहा है। एडमिशन कराने वाले प्रशिक्षुओं को एक साथ तीनों कोर्सो के साथ ही केन्द्र द्वारा मुफ्त में डीसीए, टैली व टाइपिंग सिखाई जाएगी। जबकि अंग्रेजी स्पोकेन का विशेष कक्षा भी आयोजित होगी। संस्थान के निदेशक मनोरंजन कुमार ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि यहा पढ़ने वाले छात्रों को कई सुविधाएं दी जाती है। इसके अलावे उन्हें तीनों कोर्सो का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 नवंबर तक रजिस्ट्रेशन कराने का आखिरी मौका है। न्यूनतम मैट्रिक पास युवा इन कोर्सो में नामांकन करा सकते है। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें प्रतिदिन 45 मिनट की थ्यूरी व 45 मिनट का लैब दिया जाएगा। इसके अलावे जरूर के हिसाब से उनके स्कील को डेवलप करने के लिए कई अन्य प्रशिक्षण भी दिए जाएंगे। मनोरंजन ने कहा कि कोर्स पूरा करने के बाद युवाओं को कैंपस सलेक्शन का मौका भी मिलेगा। इसके अलावे वे अपनी मर्जी से स्वरोजगार भी कर सकते है। उन्होंने बताया कि युवाओं का हुनरमंद होना जरूरी है। अयानत कुशल युवा प्रशिक्षण द्वारा इसी का प्रयास किया जाता है ताकी युवा अपने पैर पर खड़े हो सके।

### धबछुआ में हनुमान जी के वार्षिकोत्सव पर बिरहा गायन मुकाबला का आयोजन

**नावानगर।** धबछुआ में हनुमान जी के वार्षिकोत्सव पर बिरहा गायन मुकाबला का आयोजन किया गया। आयोजित बिरहा गायन मुकाबला में श्रोताओं की काफी भीड़ जुटी हुई थी। यूपी बनाम बिहार के लोक गायकों के बीच हुई इस गायन मुकाबला का लोगों ने पूरी रात आनंद उठाया। यूपी के चर्चित बिरहा गायक अखिलेश यादव व बिहार की कविता कृष्ण मूर्ति ने एक से बढ़ कर एक लोक गीत गा कर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। लोक गायकों की सुर व संगीत की मुकाबले पर श्रोता रात भर झूमते रहे। कार्यक्रम का उदघाटन बेलांव पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अजय पांडेय, सिकरौल के मुखिया मनोज यादव व जविप्र के प्रखंड अध्यक्ष शिवचंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के आयोजन में समिति के अध्यक्ष रघुनाथ साह, फूलेंद्र सिंह, सुनील कुमार, बसंत सिंह, लाल साहब सिंह, अरुण कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला कामगार की मौत

**डुमरांव।** स्थानीय रेल खंड के टुड़ीगंज रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई है। मृतका चंपा उरांव पति मुनीसा उरांव मूल रूप से झारखंड के रांची जिला के मानर थाना क्षेत्र अंतर्गत बर्गरी गांव की रहने वाली थी। वह स्थानीय ओंम ईंट भट्ठा पर अपने परिवार के साथ ईंट थापने का काम करती थी। मिली जानकारी के अनुसार वह ईंट भट्ठा से अपने पति तथा एक आठ वर्षीय बच्चें के साथ टुड़ीगंज में जरूरी सामानों की खरीददारी करने जा रही थी। इसी दौरान टुड़ीगंज पश्चिमी रेलवे क्रासिंग के पास टैज्क पार करने के क्रम में थ्रु ट्रेन की चपेट में आ गई। इस हादसे में उसका पति तथा बच्चा बाल बाल बच गए। बच्चें को आंशिक चोटें भी आई है। जबकि महिला की मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी ने शव कब्जे में ले पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

### दक्ष आईटीआई में फायर ब्रिगेड मॉकड्रिल के माध्यम से आग से बचाव की दी गई जानकारी

**डुमरांव।** एनएच 84 पर चंदा गांव के पास स्थित दक्ष आईटीआई परिसर में मंगलवार को अग्निशामक विभाग की टीम ने जागरूकता शिविर आयोजित कर आग से बचाव के तरीकों को मॉक ड्रिल के माध्यम से बताया। अग्निशमालय पदाधिकारी विजेंद्र कुमार के द्वारा प्रयोग के तौर पर गैस सिलेंडर में आग लगाने के बाद छात्रों एवं संस्थान के शिक्षकों को सर्वप्रथम बचाव का तरीका बताया गया। यही नहीं, अग्निकांड से बचाव के लिए विभिन्न बिंदुओं पर भी जागरूक किया गया। कॉलेज कर्मियों ने कहा कि यह प्रशिक्षण काफी फायदेमंद है और अग्निशमालय पदाधिकारियों के द्वारा दिए गए प्रशिक्षण का सही ढंग से क्रियान्वयन किया जाए तो समय रहते हम बड़ी दुर्घटना को रोक सकते हैं। मौके पर दर्जनों छात्र मौजूद थे।

### सनातन संस्कृति समागम स्थल को माता अहिल्या धाम से जाना जाएगा

**बक्सर।** अहिरौली में आयोजित होने वाले सनातन संस्कृति समागम स्थल को माता अहिल्या धाम के नाम से जाना जाएगा। 7 से 15 नवम्बर तक कार्यक्रम के मार्गदर्शन व आशीर्वाद देने के लिए परम पूज्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज की पावन उपस्थिति होगी। बक्सर अहिरौली में उनके प्रवास से लाखों भक्त एवं श्रद्धालु पूज्य स्वामी जी महाराज के दर्शन का लाभ प्राप्त करेंगे। भगवान श्रीराम की प्रथम कर्मभूमि पर 7 से 15 नवम्बर तक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ, विश्व सनातन संस्कृति समागम...राम राज्य की ओर, अंतर्राष्ट्रीय धर्म सम्मेलन एवं वामनेश्वर श्री राम कर्मक्षेत्र महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। स्थानीय सांसद सह केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने पूज्य जीयर स्वामी जी महाराज से वृंदावन जाने के क्रम में नोएडा में मुलाकात कर उक्त कार्यक्रम के संबंध में तैयारियों से अवगत कराया। सिद्धाश्रम में होने वाला कार्यक्रम पांच आयामों में संपन्न होगा। इसके तहत यज्ञ संस्कृति की आदि भूमि सिद्धाश्रम बक्सर में श्री लक्ष्मीनारायण वैदिक महायज्ञ, श्री रामकथा ज्ञान यज्ञ, श्री भागवत कथा ज्ञान यज्ञ, पुरूषार्थ चतुष्टय श्रीराम प्रज्ञा ज्ञान यज्ञ, संत सम्मेलन एवं श्री राम लोकमंथन ज्ञानोत्सव का आयोजन किया गया है। यह विराट आयोजन सिद्धाश्रम बक्सर की महता को केंद्र में रखते हुए भगवान श्री राम की मयार्दा को प्रत्येक भारतीयों के मनमंदिर व व्यवहार में स्थापित करने के अभियान का शुभारंभ है।







# यातायात माह का शुभारंभ : ट्रैफिक नियमों का पालन करने को चलाया जाएगा अभियान

- एसपी ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को किया रवाना

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन कराने को लेकर नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जाता है। इस बार भी जिले में लोगों को जागरूक करने के लिए एक नवंबर से यातायात माह का शुभारंभ किया गया। जिसकी शुरूआत एसपी रोहन प्रमोद बोत्रे ने अपने कार्यालय परिसर से फीता काट कर की। जिसके बाद यातायात विभाग व जिला पुलिस के अधिकारियों के बीच एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के गणमान्य और प्रबुद्ध लोग भी शामिल हुए। इस दौरान पुलिस और यातायात विभाग के अधिकारियों ने लोगों को ट्रैफिक के नियमों की जानकारी दी। जिसमें अधिकारियों ने ने यातायात नियमों के प्रति लोगों की जागरुक करने पर अधिक जोर दिया। पुलिस अफसरों ने यातायात के नियमों के उल्लंघन पर जरूरी कानूनी कार्रवाई करने का दावा भी किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने यातायात माह के दौरान लोगों को नियमों के प्रति जागरुक करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने का दावा किया। जिसके बाद एसपी ने अपने कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी यातायात, अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।


रैली को हरी झंडी दिखते एसपी

एसपी ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शासन के निर्देश पर नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। सुरक्षित यातायात सुनिश्चित कराने के लिए लोगों को हेलमेट पहनने, सेफ्टी बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया गया। एसपी ने लोगों से यातायात नियमों के प्रति जागरुक रहकर उनका पालन करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि यदि हम यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित सफर के लिए जागरूक बनें। यातायात पुलिस की ओर से यातायात माह में प्रतिदिन यातायात नियमों के प्रति व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के साथ साथ सघन चेंकिग अभियान चलाकर काली फिल्म, बिना सीट बेल्ट, तीन सवारी मोटरसाइकिल, बिना हेलमेट तथा नो इंट्री का पालन न करने वाले वाहनों और वाहन चालकों के विरूद्ध नियमों के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## छोटी खबरें

### आग से चार झोपड़ियां जलकर राख

**गाजीपुर।** रेवतीपुर थाना क्षेत्र के वीरऊपुर गांव में देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से चार झोपड़ियों जलकर राख हो गईं। अगलगी में घर-गृहस्थी का सामान जल गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित परिवार झोपड़ियां जल जाने के बाद खुले आसमान के नीचे रहने को विवश हो गया है। सूचना पर पहुंचे लेखपाल ने क्षतिपूर्ति का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंपी। सेवराई तहसील क्षेत्र के विरउपुर गांव निवासी हनुमान राजभर और राजमतियां देवी खेत मे गई हुई थी। देर शाम अचानक एक झोपड़ी से धुआं निकलने लगा। जब-तक ग्रामीण कुछ समझ पाते तब तक आग ने आस पास की तीन और झोपड़ियों को अपनी जद में ले लिया। जिससे ग्रामीणों में हो हड़कंप मच गया। मौजूद ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। इस अगलगी में हनुमान राजभर की दो और राजमतियां देवी की दो झोपड़ी जल गई। क्षेत्रीय लेखपाल रमाशंकर राम ने क्षतिपूर्ति का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंपी।

### नवजात की मौत पर ग्रामीणों ने घेरा थाना, दर्ज कराई प्राथमिकी

**गाजीपुर।** प्रसूता के साथ दुर्व्यवहार एवं तीमारदारों के साथ मारपीट के मामले को लेकर उस वक्त हंगामा मच गया जब सोमवार की दोपहर प्रसूता मृत बच्चे को गोद में लिए हुए दिलदारनगर थाने पहुंची। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने दिलदारनगर थाने का घेराव करते हुए जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन भी किया। परिजनों ने आरोप लगाया कि एक निजी अस्पताल संचालक के द्वारा प्रसव पीड़ित महिला के साथ जबरदस्ती प्रसव कराने का प्रयास किया गया। प्रसूता जब वह दर्द से चिल्लाने लगी तो संबंधित स्टाफ नर्स ने उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस आरोपित निजी अस्पताल जे के हॉस्पिटल की संचालिका के खिलाफ मामला दर्जकर कार्रवाई में जुट गई है।

### 82 में 50 संदिग्ध मरीजों में डेंगू पॉजिटिव

**गाजीपुर।** जिले में डेंगू से बचाव के लिए चिकित्सालय को अलर्ट रखा गया है। राजकीय चिकित्सालय एवं निजी पैथोलॉजी से डेंगू संदिग्ध मरीजों के सैंपल लेकर जांच के लिए बीएचयू भेजे जा रहे हैं। हाल ही में भेजे गए 82 सैंपल में से 75 की रिपोर्ट आई है। जिसमें 50 लोग डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं।

# झोलाछाप चिकित्सकों और बिना रजिस्ट्रेशन के अस्पतालों पर दर्ज होगी प्राथमिकी

- उपमुख्यमंत्री ने बिना राजिस्ट्रेशन के चल रहे अस्पतालों को तत्काल सील करने का दिया निर्देश
- डिप्टी सीएम के ट्वीट करने के बाद हरकत में आया गाजीपुर का स्वास्थ्य महकमा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिले में शासन-प्रशासन से आदेश के बावजूद झोलाछाप चिकित्सकों और बिना रजिस्ट्रेशन के अस्पतालों एवं पैथालॉजी पर स्वास्थ्य विभाग का नकेल नहीं कस पा रहा है।

ऐसे ही झोलाछाप और अवैध अस्पतालों के चलते जनपद में आए दिन लोगों को अपनी जान गंवाकर कीमत चुकानी पड़ रही है। अभी हाल में ही जंगीपुर क्षेत्र में जच्चा-बच्चा की मौत हो गई थी। जनपद में अवैध अस्पताल एवं पैथोलॉजी के संचालन को लेकर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को भाजपा नेता विवेकानंद पाण्डेय ने फोन कर स्थिति से अवगत कराया था। इसका संज्ञान लेते हुए उपमुख्यमंत्री ने ट्वीट करते हुए बताया कि उन्होंने सीएमओ, गाजीपुर को टीम गठित कर विशेष अभियान चलाकर अपस्पतालों पर छापेमारी करते हुए बिना राजिस्ट्रेशन के चल रहे अस्पतालों को तत्काल सील करने व बिना डिग्री के डॉक्टरों पर कठोर कार्रवाई करने के सख्त आदेश दिया है।


मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरगोविंद सिंह

### एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू

गाजीपुर में झोलाछाप और अवैध अस्पतालों के धड़ल्ले से हो रहे संचालन और आए-दिन ऐसे अस्पतालों में मरीजों की मौत के मामले का संज्ञान लेते हुए डिप्टी सीएम द्वारा किए गए ट्वीट के बाद गाजीपुर का स्वास्थ्य महकमा हरकत में आ गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरगोविंद सिंह ने बताया कि जंगीपुर मामले की जांच के लिए टीम गठित कर आख्या रिपोर्ट मांगी गई है। साथ ही एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया भी की जा रही है।

### जिला प्रशासन के सहयोग से चलेगा अभियान

जिले में प्रशासन के सहयोग से एक अभियान चलाकर सभी निजी अस्पतालों और प्राइवेट डॉक्टरों की जांच कराई जाएगी। पुलिस वेरिफिकेशन की कार्ययोजना बनाई जा रही है। जिन भवनों में निजी अस्पताल संचालित हो रहे हैं उनके मालिकों से एफिडेविट भी ली जाएगी। मालूम हो कि जनपद में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के सांठगाठ से सैकड़ों अवैध अस्पताल एवं पैथोलॉजी लैब भ्रष्ट अधिकारियों के संरक्षण में फल फूल रहे हैं। जिसको लेकर आमजन के बीच आक्रोश व्याप्त है। विवेकानंद पाण्डेय ने कहा कि हम लोग जनता के जान से किसी भी कीमत पर खिलवाड़ नहीं होने देंगे।

### पिछले माह चलाया गया था विशेष अभियान

बताया जाता है कि जिले में पिछले माह अवैध रूप से चल रहे नर्सिंग होम और निजी स्वास्थ्य संस्थानों को लेकर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारियों के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की एक टीम ने जिले के सभी अनुमंडलों में स्थानीय प्रशासन और पुलिस की मदद से छापेमारी की। जहां पर अवैध रूप से निजी क्लिनिक चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर उनके विरूद्ध कार्रवाई की गई। इस क्रम में कई निजी संस्थानों के ऊपर प्राथमिकी दर्ज की गई। लेकिन, उसके बावजूद जिले में झोलाछाप चिकित्सकों और बिना रजिस्ट्रेशन के अस्पतालों एवं पैथालॉजी संचलाकों के कानों में जूं तक नहीं रेंगी।

# खेत में खून से लथपथ हालत में मिला बुजुर्ग का शव, घर में मचा कोहराम

- परिजनों ने हत्या की दर्ज कराई प्राथमिकी, जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/बलिया**

जिले के रेवती थाना क्षेत्र अंतर्गत छपरा सारिब ग्राम सभा में सोमवार की सुबह बुजुर्ग का शव खेत में मिला। जिसकी सूचना पर गांव में सनसनी फैल गई। बुजुर्ग की पहचान रेवती निवासी स्व. रामजतन राय के बेटे किशुन राय (70 वर्षीय) के रूप में की गई। मामले की जानकारी होते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई। शव का पंचानामा करने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। जिसके बाद परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ की गई। घटना के बाद प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह व सीओ बैरिया मोहम्मद उस्मान सहित कई थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।


घटना स्थल पर जांच को पहुंची पुलिस

पूछताछ के बाद परिजनों व ग्रामीणों ने मामले में हत्या की आशंका जताई। उन्होंने बताया कि किशुन राय छपरा सारिब स्थित अपने डेरे पर निवास करते थे। रात को घर से खाना खाकर डेरा पर सोने के लिए निकले थे, जहां ग्रामीणों ने उनका शव खून से लथपथ अवस्था में डेरे के समीप स्थित खेत में देखा गया। सिर के पिछले हिस्से में चोट तथा वहां अत्यधिक रक्त स्त्राव को देख मौके पर मौजूद लोग हत्या की आशंका जता रहे हैं। हालांकि, पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर अज्ञात लोगों पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर ली है। जिसके बाद मामले के सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। दूसरी ओर, किशुन राय की मौत के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# नकाबपोश अपराधियों ने दिनदहाड़े ग्राहक सेवा केंद्र संचालक लूटे चार लाख रुपये

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिले के बिरनो थाना क्षेत्र के इनवा चट्टी पर मंगलवार को ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से बाइक सवार बदमाशों ने तमंचा सटाकर 4 लाख रुपए और लैपटॉप लूट लिया। दिनदहाड़े लूट की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक रोहन पी बोत्रे ने घटनास्थल का जायजा लिया और मामले का खुलासा करने के लिए तीन टीमों का गठन किया है। मंगलवार की बिरनो थाना क्षेत्र के भीखरपुर गांव निवासी ग्राहक सेवा केंद्र संचालक रामाशीष यादव अपने घर से 4 लाख रुपए और लैपटॉप लेकर इनवा चट्टी पर केंद्र खोलने के लिए पहुंचा। अभी वह ग्राहक सेवा केंद्र का शटर खोल ही रहा था कि पीछे से बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाश आए और तमंचा सटाकर रुपए से भरा बैग लूटकर हंसराजपुर की तरफ भाग गए।

पीड़ित रामशीष यादव ने बताया कि रोज की तरह घर से निकला था। बीते सोमवार को यूनियन बैंक बिरनो से तीन लाख पचास हजार रुपए निकाला था और पचास हजार रूपए खाता धारकों के द्वारा प्राप्त हुआ था, जिसको लेकर दुकान का शटर खोल ही रहा था कि जयरामपुर की तरफ से मोटरसाइकिल सवार दो नकाबपोश बदमाश आए और बैग छीनने लगे। इसका विरोध करने पर मारपीट कर रुपए से भरा बैग और लैपटॉप ले भागे। पुलिस अधीक्षक रोहन पी बोत्रे ने बताया कि मामला संज्ञान में है। वारदात का खुलासा करने के लिए टीम का गठन कर दिया गया है।


जांच को पहुची पुलिस


## नकाबपोश अपराधियों ने ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से चार लाख लूटे

**गाजीपुर।** जिले के बिरनो थाना क्षेत्र के इनवा चट्टी पर मंगलवार को ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से बाइक सवार बदमाशों ने तमंचा सटाकर 4 लाख रुपए और लैपटॉप लूट लिया। दिनदहाड़े लूट की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक रोहन पी बोत्रे ने घटनास्थल का जायजा लिया और मामले का खुलासा करने के लिए तीन टीमों का गठन किया है। मंगलवार की बिरनो थाना क्षेत्र के भीखरपुर गांव निवासी ग्राहक सेवा केंद्र संचालक रामाशीष यादव अपने घर से 4 लाख रुपए और लैपटॉप लेकर इनवा चट्टी पर केंद्र खोलने के लिए पहुंचा। पीड़ित रामशीष यादव ने बताया कि रोज की तरह घर से निकला था।


## बलिया के सिपाही की गोरखपुर में मौत, बैरक की पहली मंजिल से गिरे नीचे

**बलिया।** जिले के एक सिपाही की गोरखपुर के राजघाट थाने की बैरक के प्रथम तल से गिरने से मौत हो गई। बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के शीतल दवनी गांव निवासी अभिषेक सिंह (25) पुत्र अखिलेश्वर सिंह गोरखपुर में पुलिस कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। 2021 बैच के अभिषेक की तैनाती गोरखपुर के राजघाट थाने के बसंतपुर चौकी पर थी। वह पिछले 10 महीने से बसंतपुर चौकी पर सेवा दे रहे थे।

# छह को पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की प्रतिमा का लोकार्पण करेंगे सीएम

- कार्यक्रम के पहले एमएलसी रविशंकर सिंह पप्पू ने उद्यान का जायजा लिया

**केटी न्यूज/बलिया**

बीते 19 अगस्त को बलिया बलिदान दिवस के खास मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिले में आए थे। वह मेडिकल कालेज की सौगात देकर गए थे, इस परियोजना पर काम भी शुरू हो चुका है। अदाणी



समूह जमीन चिह्नित की कार्रवाई शुरू कर चुकी है। अब सीएम योगी दूसरी बार जिले में आ रहे हैं, छह नवंबर को उनके आगमन का संभावित कार्यक्रम आया है। जिला प्रशासन तैयारी में जुट गया है। वह कलेक्ट्रेट परिसर स्थित उद्यान में पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की आदमकद प्रतिमा का लोकार्पण करेंगे।

इसके अलावा पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे, इस बीच वह जनता को योजनाओं की सौगात दे सकते हैं। कार्यक्रम को देखते हुए जिले में तैयारी शुरू हो चुकी है। बता दें कि जेपी जयंती के पहले मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी चल रही थी, लेकिन ऐन मौके पर कार्यक्रम निरस्त हो गया था। 19 अगस्त को बलिया बलिदान दिवस के खास मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिले में आए थे। वह मेडिकल कालेज की सौगात देकर गए थे, इस परियोजना पर काम भी शुरू हो चुका है। अदाणी समूह जमीन चिह्नित की कार्रवाई शुरू कर चुकी है।

**एमएलसी रविशंकर सिंह पप्पू ने लिया उद्यान का जायजा :**

सीएम योगी के आगमन की सूचना मिली है। तैयारी शुरू कर दी गई है। विस्तृत प्रोटोकाल कार्यक्रम के दो दिन पहले आएगा। इसके पहले एमएलसी रविशंकर सिंह पप्पू ने उद्यान का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की यह पहली प्रतिमा होगी जिसका अनावरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। उन्होंने कहा कि वैसे जिले में पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर की दूसरी आदमकद प्रतिमा है। पहली प्रतिमा देवस्थली विद्यालपीठ में लगी है। अब दूसरी प्रतिमा चंद्रशेखर उद्यान में लग चुकी है जिसका लोकार्पण छह नवंबर का होने की पूरी संभावना है। छह नवंबर को मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर आयोजन समिति पूरी तरह से तैयारी में है। इस अवसर पर एमएलसी प्रतिनिधि तेजा सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनिल सिंह, विवेक सिंह, जितेन्द्र सिंह, अमित सिंह बघेल, मनोज सिंह, अमित सिंह आदि मौजूद रहे।

**नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए आते रहे चंद्रशेखर :**

देश के पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर अपने लोकसभा चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में आते थे।

जब-जब चन्द्रशेखर नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए आते रहे तब-तब उनकी निगाह कलेक्ट्रेट परिसर के चारों तरफ लगी रही। वहीं उनके समर्थक, शुभचिंतक व नेता उनके साथ मौजूद रहे। वैसे जिस स्थल पर चंद्रशेखर की प्रतिमा लग रही है उस जगह पर चंद्रशेखर के कदम पड़ चुके है। वैसे चंद्रशेखर उद्यान को बेहतर बनाने के लिए एमएलसी रविशंकर सिंह पप्पू का भी एक अहम भूमिका रही है।

## एक नजर

### गाजीपुर पहुंचे जम्मू कशमीर के छत्र्मनोज सिन्हा का भाजपा नेताओं ने किया स्वागत



**गाजीपुर।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा आज देर शाम गाजीपुर पहुंचे। जिनका भाजपा के नेताओं ने जगह-जगह स्वागत किया। वाराणसी के बाबतपुर हवाई अड्डे पर पहुंचते ही जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, कृष्ण बिहारी राय, डॉ. विजय यादव सहित जिले भर के वरिष्ठ सम्मानित लोगों ने स्वागत अभिनन्दन किया। इस दौरान मनोज सिन्हा का परिवार भी साथ में रहा। हवाई अड्डे पर गाजीपुर से पहुंचे लोगो ने मनोज सिन्हा जिन्दाबाद के नारे के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप पूर्व मंत्री विजय मिश्रा, ओमप्रकाश राय, प्रवीण सिंह, डॉ. विजय यादव, विनोद अग्रवाल, डॉ. मुराहू राजभर, अखिलेश सिंह, अच्छे लाल गुप्ता, मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, सुरेश बिंद, अखिलेश राय, आशुतोष सिंह, विष्णु सिंह, अजिताभ राय ब्लॉक प्रमुख, अविनाश जायसवाल, पप्पू सिंह सहित आदि अन्य लोग उपस्थित रहे। जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा आज अपने पैतृक गांव मुहम्मदाबाद तहसील के मोहनपुरा में रात्रि विश्राम करेंगे। उसके बाद कल एक नवंबर की वाराणसी एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। जानकारों के मुताबिक, एलजी मनोज सिन्हा का यह कार्यक्रम मोहनपुरा में प्रस्तावित सात दिवसीय भागवत कथा के सिलसिले में है। भागवत कथा पहली नवंबर से शुरू होगी। भागवत कथा की पूणार्हुति पर आठ नवंबर को विशाल भंडारा होगा।

### स्वच्छ त्यौहार महोत्सव में वार्ड संख्या 13 ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



**गाजीपुर।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत आयोजित स्वच्छ त्यौहार महोत्सव की स्वच्छ वार्ड प्रतिस्पर्धा में नगर के वार्ड संख्या 13 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसके उपरांत मंगलवार की दोपहर को सैदपुर नगर पंचायत के सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले वार्ड संख्या 13 के सभासद सुनील कुमार यादव को अधिशासी अधिकारी द्वारा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी ने स्वच्छ प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभासद सुनील यादव को माल्यार्पण, अंग वस्त्र और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। अपने वार्ड को स्वच्छ बनाए रखने में वार्ड संख्या 13 के सभासद सुनील यादव की सराहना करते हुए अधिशासी अधिकारी ने कहा कि सभासद की जागरूकता और प्रयास से ही वार्ड संख्या 13 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार नगर के विभिन्न वार्डों को भी साफ और स्वच्छ बनाए रखने के लिए जागरूक होने की जरूरत है। अन्य वार्डों की अपेक्षा बेहतर फीडबैक के आधार पर मिली सफलता : स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वक्ष वार्ड प्रतिस्पर्धा के दौरान वार्ड में सूखे और गीले कचरे के अलग-अलग उठान, सार्वजनिक कूड़ेदानों के उपयोग, सड़कों की साफ-सफाई, नालियों की सफाई आदि को शामिल किया गया था। जिसके आधार पर वार्ड के दर्जनों लोगों से बातचीत कर उपरोक्त बिंदुओं के संबंध में जानकारी मांगी गई थी। इसी के आधार पर स्वच्छ वार्ड प्रतिस्पर्धा में वार्डों द्वारा प्राप्त किए गए नंबर अनुसार, वार्ड संख्या 13 गंगा नगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### बीसीए ने एक प्रधानाध्यापक समेत 11 शिक्षकों का वेतन रोका



**गाजीपुर।** जिले के जमानियां में? आज बीएसए हेमंत राव ने क्षेत्र अन्तर्गत आधा दर्जन परिषदीय स्कूलों का औचक निरीक्षण किया,जिसके कारण महकमें में हडकंम्प मच गया।निरीक्षण में एक कन्या कम्पोजिट विद्यालय बंद मिला जबकि प्राथमिक विद्यालय में? दो महिला शिक्षक अनुपस्थित मिले ।मामले को गंम्भीरता से लेते हुए बीएसए ने एक प्रधानाध्यापक समेत 11 शिक्षकों को नोटिस जारी कर चौबीस घंटे में स्पष्टीकरण मांगा। साथ ही सभी का वेतन अगले आदेश तक रोकने का निर्देश दिया। उनके इस कडे रूख से महकमे में हड़कंम्प मचा हुआ है। बीएसए ने प्राथमिक विद्यालय सरैयां,कम्पोजिट विद्यालय हेतिमपुर प्राथमिक विद्यालय रमवल व उच्च प्राथमिक रमवल स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय सरैया पर तैनात सहायक अध्यापक श्वेता राय, मनीषा शर्मा बिना किसी सूचना के गायब मिली। इसके अलावा कन्या कम्पोजिट विद्यालय सुहवल बंद पाए जाने पर उनकी त्योरी सातवें आसमान पर चढ़ गई। उन्होंने तत्काल एक प्रधानाध्यापक पांच सहायक अध्यापक व तीन शिक्षा मित्रों समेत कुल 11 को नोटिस जारी करते हुए सभी का वेतन अगले आदेश तक रोकने फरमान जारी कर दिया। इस निरीक्षण के दौरान सरैयां विद्यालय में 120 छात्रों के नामांकन के सापेक्ष मात्र 28 छात्र उपस्थित पाये जाने पर प्रधानाध्यापक सहित समस्त स्टाफ को कठोर चेतावनी दी।


### स्वच्छ त्यौहार महोत्सव में वार्ड संख्या 13 ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**गााजीपुर।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत आयोजित स्वच्छ त्यौहार महोत्सव की स्वच्छ वार्ड प्रतिस्पर्धा में नगर के वार्ड संख्या 13 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसके उपरांत मंगलवार की दोपहर को सैदपुर नगर पंचायत के सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले वार्ड संख्या 13 के सभासद सुनील कुमार यादव को अधिशासी अधिकारी द्वारा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी ने स्वच्छ प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभासद सुनील यादव को माल्यार्पण, अंग वस्त्र और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।


CMYK